卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

ॐसरवणभवक ॐसरवणभवक ॐसरवणभवक ॐसरवणभवक







































केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 25 ♦पृष्ठ 8 + 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦1 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in







# हादसों में तीन की मौत, चार घायल

## अल्मोड़ा में बाइक और कार दुर्घटनाग्रस्त, चमोली में स्विफ्ट कार खाई में गिरी

अल्मोड़ा/चमोली(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा और चमोली में दो वाहन खाई में गिर गये। जबकि एक बाइक भी हादसे का शिकार हो गयी। तीन हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि चार लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार मजखाली से आगे अल्मोड़ा रोड पर ऑल्टो कार संख्या यूके-01सी 3818 सड़क से नीचे लगभग पचास मीटर खाई में जा गिरी। प्रात: साढ़े नौ बजे मजखाली अल्मोड़ा रोड पर आँल्टो कार खाई में गिरने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत हेमचन्द्र पंत पुलिस बल व रेस्क्यू उपकरण के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। जहाँ स्थान



बब्बरखोला के पास गांव को जाने वाले लिंक मार्ग पर एक ऑल्टो कार सड़क से नीचे लगभग 40-50 मीटर नीचे गहरी खाई में गिरा हुआ था, जिसे चालक 56 वर्षीय कैलाश सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी बब्बर (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

लालकुआं (उद संवाददाता)।हल्द्वानी से लालकुआं की ओर को आ रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देर रात्रि वन विकास निगम के डिपो नंबर 4 के सामने हल्द्वानी से आ रही बाइक संख्या यूपी 25डीपी -8220 को तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हुयी है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन द्वारा मारी गई टक्कर में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक की मौके पर ही मौत हो गई है।






# गांधी पार्क को बचाने के लिए खड़ा हो सकता है जन आंदोलन

## कांग्रेस को मिला मुद्दा विभिन्न संगठन भी बना रहे आंदोलन की रणनीति, सोशल मीडिया पर गरमाया मुद्दा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के बीचों बीच स्थित गांधी पार्क को बचाने के लिए बड़े जन आंदोलन की



सुगबुगाहट होने लगी हैं। सोशल मीडिया पर जिस तरह से मामला गरमाया हुआ है उससे माना जा रहा है कि प्रशासन का बैकफुट पर आना तय है। फिलहाल गांधी पार्क के बहाने जहां कांग्रेस को मुद्दा मिल गया है वही कई सामाजिक संगठन भी इस मुद्दे को लेकर लामबंद होने की तैयारी कर रहे हैं। रूद्रपुर का ऐतिहासिक गांधी पार्क दशकों से धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों के साथ साथ खेल गतिविधियों का भी केन्द्र रहा है। तमाम बड़े आयोजन इसी पार्क में होते आये हैं। शहर के बीच होने के साथ साथ यह शहर का सबसे बड़ा पार्क भी है। जिससे पूरे शहरवासियों की भावनाएं जुड़ी है। लेकिन इस पार्क को अब खुर्द बुर्द करके यहां पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## गांधी पार्क को बचाने के लिए एकजुट होने की जरूरत: छाबड़ा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गांधी पार्क को बचाने के लिए सोशल मीडिया



पर बीते कई दिनों से मुहिम चला रहे समाजसेवी एवं पूर्व भाजपा नेता आशीष छाबड़ा ने इस मुहिम को अंजाम तक पहुंचाने के लिए शहर की धार्मिक, सामाजिक, शिक्षण एवं खेलों से जुड़ी संस्थाओं से आगे आने की अपील की है। मीडिया को जारी एक बयान में आशीष छाबड़ा ने कहा कि गांधी पार्क को आज नहीं बचा पाये तो इसका (शेष पृष्ठ सात पर)

## फेरी वाले पर धारदार हथियार से किया हमला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रेशमबाडी में रास्ते में टुकटुक से सामान उतार रहे फेरी वाले पर दबंग ने धारदार हथियार से हमला कर दिया और लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गया। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचा और एसएसआई कमाल हसन से मिला। जानकारी के मुताबिक



रेशमबाडी निवासी शंकर लाल बुधवार को कोतवाली पहुंचा। वह एसएसआई से मिला। पीड़ित ने बताया कि वह फेरी लगाकर कपड़े बेचता है। वह मंगलवार की रात को टुकटुक को रास्ते में खड़ा कर सामान उतार रहा था। (शेष पृष्ठ सात पर)

# किशोरी को बनाया हवस का शिकार

## अश्लील वीडियो के सहारे दूसरों से संबंध बनाने के लिए भी करता था विवश

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में परिवार के साथ किराए के कमरे में जिंदगी बसर करने वाली किशोरी को भवन स्वामी के पुत्र ने बलपूर्वक हवस का शिकार बना लिया। घटना को अंजाम देते हुए उसने अश्लील वीडियो तैयार कर ली और इसी वीडियो के सहारे पीड़िता से लगातार संबंध बनाने लगा। हद तो तब हो गई जब उसने पीड़िता को अपने परिचितों से भी शारीरिक संबंध बनाने के लिए विवस कर दिया। आबरू से खिलवाड़ करने का यह खेल कई वर्षों तक चला। मुंह खोलने के एवज में पीड़िता के परिजनों को मौत के घाट उतारने की धमकी दी गई थी। काफी हिम्मत जुटाने के बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन व स्थानीय पुलिस को लिखित रूप में करते हुए आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन को भेजे शिकायती पत्र में आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि मूल रूप से उसका परिवार जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वर्ष 2015 में उसका (शेष पृष्ठ सात पर)

## किशोरी से छेड़छाड़ करते दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं मोहल्ला दरियानगर में किशोरी से छेड़छाड़ कर रहे एक युवक को लोगों ने दबोच कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार गत सायं मौहल्ला दरियानगर में एक युवक किशोरी से छेड़छाड़ कर रहा था। किशोरी के शोर मचाने पर वहां कई लोग आ पहुंचे। उन्होंने युवक की पिटाई कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम पता नवीन सिंह पुत्र स्व. प्रेम सिंह निवासी ग्राम तितरी थाना अस्कोट, धारचूला, पिथौरागढ़ (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रधानाचार्य पर पांच लाख हड़पने का आरोप

## जीवी पंत इंटर कॉलेज एक बार फिर सुर्खियों में, कोर्ट ने दिए मुकदमा दर्ज करने के आदेश

काशीपुर(उद संवाददाता)। पंडित गोविंद बल्लभ पंत इंटरमीडिएट कॉलेज के पूर्व में विवादों में घिरे प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक पर एक बार फिर से शिक्षा समिति के सदस्य ने धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाते हुए विधिक कार्यवाही की गुहार लगाई है। न्यायालय ने आरोपी प्रधानाचार्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश पारित किए हैं। अभिभावक शिक्षक संघ के सदस्य नरेंद्र कुमार शर्मा ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां एक प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा कि वह पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त शिक्षा समिति, में अभिभावक शिक्षक संघ का सदस्य है। 26 मई 2023 को पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त शिक्षा समिति के प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक द्वारा एक मीटिंग अभिभावक शिक्षक संघ की नवीन कार्यकारिणी गठन हेतु दिखायी गयी है। मीटिंग में नरेन्द्र कुमार शर्मा को उपस्थित दिखाया है। जबकि वह उस मीटिंग में नहीं गये। लेकिन उनके फर्जी व कूटरचित हस्ताक्षर किये गये और इसी फर्जी मीटिंग के आधार पर विद्यालय के खाते से पाँच लाख रूपये प्रधानाचार्य अजय शंकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## शिक्षा विभाग के अधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध

काशीपुर। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े समाज के प्रबुद्ध लोगों के एक बड़े तबके का कहना है कि शिक्षक के लिए इस तरह की घटना बेहद शर्मनाक है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इस तरह के लोगों को जो अधिकारी अथवा व्यक्ति संरक्षण दे रहे हैं उन्हें भी कानूनी दंड मिलना आवश्यक है। बताया जा रहा है कि धोखाधड़ी के आरोपी प्रधानाचार्य को शिक्षा विभाग के एक अधिकारी का भरपूर संरक्षण मिल रहा है। इस अधिकारी की गलत नीतियों के कारण काशीपुर की शिक्षा व्यवस्था आज पूरी तरह पटरी से नीचे है। प्राइवेट विद्यालयों में जहां एक और पूरी तरह मनमानी ढंग से काम किया जा रहा है वही सरकारी विद्यालयों का हाल भी बेहाल है।


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
नरेन्द्र अरोरा
रेखा अरोरा
मेम साहब कलैक्शन दुर्गा मन्दिर गली, रुद्रपुर मो. 9319995101


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
आनन्द बिन्दल
स्वीटि अग्रवाल


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
रामपाल
महापौर, रुद्रपुर नगर निगम
अंजू सिंह


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मानस जायसवाल
कुसुम जायसवाल


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
संजय ठुकराल
सिम्मी ठुकराल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
अशोक सिंघल
C.A. (FCA., I.S.A)
नीति सिंघल
C.A.


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
Wedding date 20.07.2003
शैलेन्द्र ग्रोवर
Prop: Unique Telecom
Mob.: 9719002622
पूजा ग्रोवर
Prop: Sai Enterprises
Mob.: 6397315015


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
संजय अग्रवाल
एकता अग्रवाल


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
हरनाम चौधरी
C.A.
रीना चौधरी
हरनाम सिंह एंड कम्पनी, आवास विकास, रुद्रपुर


पति-पत्नी प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
महेश बब्बर
पूनम बब्बर
अवनी बब्बर
गौरव बब्बर


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
Amit Mendiratta
Advocate
Mrs. Rashmi Mendiratta


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
अमित जैन लोहिया
अनुराधा जैन


पति-पत्नी प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
किशन लाल नारंग
ज्योति नारंग


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
परवीन अरोरा
Rushil Medicos, Rudrapur
बरखा अरोरा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
अनिल बत्ता
पूनम बत्ता

# राज्यपाल ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ





देहरादून/हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 का कुंवरपुर न्याय पंचायत से राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) और नैनीताल जनपद प्रभारी व खेल मंत्री रेखा आर्या ने विधिवत शुभारंभ किया। वहीं इसके बाद खिलाड़ियों द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। राज्यपाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी।लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर खेल विभाग की ओर से रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रथम मेघा गोस्वामी, द्वितीय रूचि अधिकारी तथा तृतीय अवनि चन्द्र के साथ ही फाइनल 800 मीटर दौड में प्रथम विकास सिंह, द्वितीय गौरव रावत तथा तृतीय नीरज बिष्ट न्याय पंचायत स्तर के विजयी खिलाड़ियों को राज्यपाल ने मेडल, प्रशस्ति पत्र के साथ ही नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खिलाडियों को सम्बोधित करते हुये राज्यपाल ने कहा कि भारत का युवा पूरी दुनिया में बड़ी ताकत के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि सपने बड़े-बड़े देखने चाहिए और उन सपनों को आपके लक्ष्य को एक विजन एवं संकल्प के साथ अपने जीवन में परिवर्तित करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के बच्चे प्रतिभा के धनी हैं आप जो संकल्प अपने जीवन में अवतरित कर लेंगे तो आपको सिद्धि अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में शिक्षा के साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को जोड़ने का प्रयत्न किया है, खेलने से जहां हम तनाव मुक्त होते हैं तो वहीं हम अपने जीवन मे अनुशासन भी सीखते हैं। साथ ही कहा कि आज के दौर में खिलाड़ियों के लिए खेल का दायरा महज मनोरंजन और फिटनेस तक सीमित नहीं रहा बल्कि अब इसमें खिलाड़ियों को सुनहरा करियर नजर आ रहा है जिसके लिए हम प्रयत्नशील हैं और लगातार कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है।इस दौरान खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि जिस प्रकार से महाकुंभ में स्नान कर तन मन की स्वच्छता होती है उसी प्रकार खेल महाकुंभ से भी स्वस्थ प्रतिभाएं उभर कर सामने आती हैं। खेल महाकुंभ के आयोजन की यही परिकल्पना है कि न्याय पंचायत स्तर से प्रतिभाओं को अवसर देते हुए विकासखंड, जिला स्तर तथा राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि खेल विभाग की कोशिश है कि बच्चों को अवसर प्राप्त होते रहे। विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों को उनकी प्रतिभा अनुसार खेलों में प्रतिभाग करने के लिए मंच देने का कार्य किया जा रहा है, खेल महाकुंभ उसी का परिचायक है। सरकार द्वारा खिलाड़ियों हेतु 4 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के लिए विधिक प्रयास किए जा रहे हैं जिससे उन्हें सरकारी नौकरियों में लाभ प्राप्त हो। उन्होंने सभी आयु वर्ग के लोगों से अनुरोध किया कि वे दिन का एक घंटा खेल के लिए जरूर दें, जिससे चुस्त रहने के साथ ही वह सभी अपने शरीर भी स्वस्थ रख सके।

# शिविर में दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी गंगा सागर गुप्त की पंचम पुण्य स्मृति के अवसर पर श्री गणिनाथ बाबा वेलफेयर सोसायटी रजि. की ओर से जवाहरलाल पुराना जिला अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा०महेश चंद्र जोशी, डीएचएमओ ऊधम सिंह नगर ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर में गंगासागर गुप्त के पुत्र सहित 38 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर सभी लोगों ने गंगा सागर गुप्त को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। रक्तदान शिविर में आये सभी लोगों का गंगा सागर गुप्त के पुत्र ने आभार व्यक्त किया। शिविर के आयोजन में ब्लड बैंक के वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन जितेंद्र सिंह बृजवाल का भी सहयोग रहा।





# समर्थन योजना अंतर्गत तेजी के साथ करें धान की खरीदः भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने उधम सिंह नगर में धान खरीद को लेकर अपर जिला अधिकारी जय भारत सिंह से दूरभाष पर वार्ता कर धान खरीद मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत तेजी के साथ धान खरीद कार्य करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह से दुरभाष पर वार्ता कर धान खरीद के संबंध में उधम सिंह नगर जिले की पूरी जानकारी ली। जिसमें उन्होंने बताया कि जिले के सभी 215 धान खरीद केंद्रों में धान खरीद से संबंधित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई है और लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय केंद्रों में समय पर धान की तोल की जा रही है। श्री भट्ट ने किसानों की समस्याओं का तत्काल निदान करते के निर्देश देते हुए कहा कि यदि क्रय केंद्रों में किसी प्रकार की समस्या हो तो उनका तत्काल निवारण किया जाए। जिससे कि धान तुलवाने व क्रय करने में किसानों को परेशानी ना हो, इसके अलावा जिले के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर क्रय केंद्रों के निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं।

# सट्टा लगवा रहे दो सट्टेबाज हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोगो का रुपया चार गुना करने का लालच देकर सट्टा लगवा रहे दो सट्टेबाजों को थाना बनभूलपुरा पुलिस ने गश्त के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान निषाद स्कूल के समीप सट्टा खिलाते दो सट्टेबाजों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता शकील, निवासी इंदिरा नगर तथा गौरव, निवासी शनी बाजार गेट बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से सट्टा पर्ची, पैन, गत्ता व नगद 12050 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने सामान कब्जे में लेकर दोनों सट्टेबाजों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उनि शंकर नयाल, हेकानि. सुखपाल सिंह, कानि.मोहम्मद अतर, हरीश रावत शामिल थे।



# विभिन्न पोशाकों में बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में हैलोविन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थी उपस्थित रहे। नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएँ विभिन्न प्रकार के रचनात्मक पोशाक पहन कर भूतों, वैम्पायर और सुपर हीरोज में परिवर्तित हो गए। जिसने पूरे स्कूल को हैलोविन के जादू से भर दिया। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें जॉम्बी, फीड द मॉनस्टर, आई बॉल टॉस आदि थे। स्कूल की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य श्रीमान अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा, कॉडीनेटर श्रीमती प्रियंका शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सफल बनाने में कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक की सभी अध्यापिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# पुलिस ने डेढ़ घंटे में मंगलपड़ाव से गायब ऑटो को ढूंढ निकाला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव क्षेत्र से गायब हुए टेम्पो को पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से सिर्फ डेढ़ घंटे में ही ढूंढ कर स्वामी को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार सरप्रीत सिंह निवासी आवास विकास अपने ऑटो संख्या यूके 04 टीए 8876 को मंगलपडाव पर सड़क किनारे खड़ा कर सब्जी मंडी की तरफ अपना घरेलू सामान लेने चला गया। जब वह वापस लौटा तो उसका ऑटो उस स्थान से गायब था। काफी खोजबीन करने पर भी जब ऑटो नहीं मिला। उसने चौकी मंगलपड़ाव पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस कर्मियों ने खोजबीन की और हल्द्वानी कंट्रोल रूम के कमांड कंट्रोल सेंटर की टीम से संपर्क किया। कमांड सेंटर (सीसीटीवी) पर ड्यूटी पर नियुक्त कानि. रोहित कुमार ने घटनास्थल के आसपास के तमाम सीसीटीवी खंगाले और आखिर ऑटो को मात्र 1.30 घंटे में ढूंढ निकाला।



# 21 इंस्पेक्टर,एसआई और एएसआई के तबादले

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रहलाद नारायण मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के 21 निरीक्षक, उप निरीक्षक,अपर उप निरीक्षक के तबादले कर तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। जिन अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं उनमें उनि पंकज जोशी प्रभारी चौकी टीपी नगर से पुलिस लाईन नैनीताल,उनि सुशील चन्द्र जोशी प्रभारी चौकी राजपुरा से प्रभारी चौकी टीपी नगर, म.उ.नि. प्रीति प्रभारी चौकी आरटीओ से थाना खनस्यूॅं,उ.नि. संजीत कुमार राठौर थाना वनभूलपुरा से प्रभारी चौकी आरटीओ, उ.नि. अनिल कुमार प्रभारी चौकी आम्रपाली से थाना वनभूलपुरा, म.उ.नि. रजनी आर्या थाना लालकुआॅं से थाना बेतालघाट, म.उ.नि. मेहनाज अंसारी थाना बेतालघाट से थाना लालकुआॅं,उ.नि. हरजीत सिंह सम्बद्ध थाना कालाढूॅंगी से थाना मुखानी, उ.नि.नरेन्द्र कुमार प्रभारी चौकी ज्योलीकोट से प्रभारी चौकी राजपुरा, उ.नि. देवेन्द्र सिंह राणा प्रभारी चौकी रामगढ़ से प्रभारी चौकी ओखलकाण्डा, उ.नि. विजय पाल सिंह प्रभारी चौकी ओखलकाण्डा से प्रभारी एसओजी, अ.उ.नि. दान सिंह मेहता वाचक व.पु.अधी. से थाना मल्लीताल, उ.नि. मु. आसिफ खान एफएफयू से प्रभारी चौकी मालधन, निरीक्षक पूरन राम आगरी प्रभारी एफएफयू से वाचक व.पु.अधी., उ.नि. दिनेश चन्द्र जोशी एफएफयू से पीआरओ व.पु.अधी., उ.नि. दीवान सिंह ग्वाल एसआईएस से प्रभारी चौकी आम्रपाली, उ.नि. भूपेन्द्र सिंह मेहता पुलिस लाईन से प्रभारी चौकी रामगढ़, उ.नि. बालकृष्ण आर्य प्रभारी चौकी क्वारब से एफएफयू, म.अ.उ.नि. गोविन्दी टम्टा पुलिस लाईन से चौकी क्वारब, उनि. विजय सिंह मेहता व.उ.नि. प्रथम थाना हल्द्वानी से प्रभारी चौकी मण्डी, उ.नि. गुलाब सिंह प्रभारी चौकी मण्डी से प्रभारी चौकी ज्योलीकोट शामिल हैं।



# नशीले इंजेक्शनों के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व बनभूलपुरा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में एक नशा तस्कर को भारी संख्या में नशीले इंजेक्शनो के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकरी के अनुसार एएनटीएफ व थाना बनभूलपुरा की संयुक्त टीम द्वारा चौकिंग के दौरान गांधीनगर तिराहे के पास वार्ड नंबर 27 बनभूलपुरा से चेकिंग के दौरान संदिग्ध रूप से घूमते एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विक्की वाल्मीकि उर्फ दद्दी पुत्र आनंद प्रकाश निवासी वार्ड 27 गांधीनगर बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 103 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ के दौरान विक्की ने पुलिस को बताया कि वह इंजेक्शन बरेली से किसी व्यक्ति से खरीदकर हल्द्वानी व बनभूलपुरा के आस-पास क्षेत्र में युवाओं को बेचता है। इधर पुलिस का कहना है कि अभियुक्त विक्की पूर्व भी कई मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस ने विक्की के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक वीरेंद्र चंद थाना बनभूलपुरा, कानि. अमनदीप सिंह, सोनू सिंह, राजेंद्र जोशी, अरविंद कार्की व भोपाल सिंह शामिल थे।





करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
विकास बत्रा
डायरेक्टर
होली चाइल्ड स्कूल, रुद्रपुर
पूजा बत्रा


पति-पत्नी
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
डॉ० दीप्ती
डॉ० भारत रावत


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
अरुण अग्रवाल
प्रबन्ध निदेशक, केएलए इण्डिया प्रा. लि.
नीतू अग्रवाल


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
गौरव अग्रवाल
श्री बालाजी टैक्सेशन प्वाइंट
इंद्रा कॉलोनी गली नं० 5, रुद्रपुर
सुनैना अग्रवाल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
रोहित कपूर
भावना कपूर


पति-पत्नी प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
अंशुल गर्ग
सी. ए
रिद्धी गर्ग


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
जीवन जोशी
एडवोकेट
संतोष जोशी


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
सुरेश 'गौरी'
पार्षद, नगर निगम, रुद्रपुर
पूनम


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
सीमा मिगलानी
ललित मिगलानी


करवाचौथ
पर्व की
हार्दिक
बधाई
कैलाश अग्रवाल
अंजना अग्रवाल


पति-पत्नी
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
जगदीश टण्डन
सोनिया टण्डन


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
अनिल शर्मा
मीना शर्मा


पति-पत्नी
के प्रेम
के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
सुभाष शर्मा
सुनीता शर्मा


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
अंकित अग्रवाल
खुशबू अग्रवाल


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
संजीव कामरा
ईशा कामरा


पति-पत्नी प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
हेमू यादव
रजनी यादव


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
शोभित शर्मा
सभासद वार्ड नं० 7, किच्छा
रश्मि शर्मा


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राज कुमार (राज कोली)
सभासद, नगर पालिका, किच्छा
शशि कोली
सभासद प्रतिनिधि


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
अरुण तनेजा
उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी
रजनी तनेजा

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# कोलम्बस इन्टरैक्ट क्लब के नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के सभागार में स्कूल के नवगठित इन्टरैक्ट क्लब के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस समारोह में जिला



इन्टरैक्ट क्लब कमेटी के प्रमुख अनिल जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि तथा रोटरी क्लब रूद्रपुर के अध्यक्ष हेमंत सिंघल ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। ज्ञात हो कि इस वर्ष कोलम्बस पब्लिक स्कूल ने रोटरी क्लब रूद्रपुर में पंजीकरण कर इन्टरैक्ट क्लब की सदस्यता ली है। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा , प्रधानाचार्य मनोज कुमार व मुख्य अतिथिगणों ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारम्भ किया। तदुपरांत विद्यालय के प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा दुशाला ओढ़ाकर व पुष्पगुँज भेंट कर अतिथिगणों का औपचारिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए विद्यालय के समूहगान दल के सदस्यों ने स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर समारोह में चार चाँद लगा दिए। तत्पश्चात् विद्यालय के इन्टरैक्ट क्लब के निर्वाचित पदाधिकारी छात्रगणों का शपथग्रहण समारोह हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे अनिल जोशी व विशिष्ट अतिथि हेमंत सिघंल ने पदाधि कारी छात्रगणों को बैच प्रदान कर पदभार सौंपा, तत्पश्चात समस्त पदाधिकारियों ने कर्त्तव्यनिर्वहन की शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि अनिल जोशी ने अपने संबोधन में नवनिर्वाचित पदाधिकारी छात्रगणों को इन्टरैक्ट क्लब व रोटरी क्लब के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों से भी सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। विद्यालय की इन्टरैक्ट एडवाइजर श्रीमती अनुप्रिया अरोड़ा ने संबोधन में जानकारी देते हुए बताया कि इन्टरैक्ट क्लब से जुड़े छात्र-छात्राओं द्वारा प्रौढ़-शिक्षा, रक्तदान, अनाज वितरण, वृक्षारोपण, स्वहस्तनिर्मित पेपरबैग वितरण आदि सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़ कर योगदान किया जा रहा है। वहीं विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने बताया कि छात्रगणों को इस क्लब से जोड़ने का मुख्य उद्देश्य उनमें सामाजिक बुद्धिमता का भाव जाग्रत करना है। समारोह के दौरान सुमित सिंह बेहल, चंचलप्रीत सिंह, जगदीश सिंह बिष्ट, अशोक अग्रवाल, मौलिक कक्कड़, लक्ष्य बांगा सहित अभिभावकगण, शिक्षकगण आदि मौजूद रहे।

# किसानों की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय एक बैठक नवीन अनाज मंडी के सभागार में वरिष्ठ किसान स. अमर सिंह की अध्यक्षता और समिति सचिव योगेश तिवारी की मौजूदगी में संपन्न



हुई । बैठक के दौरान सुझाव प्रस्ताव लेकर उनके निराकरण और समाधान हेतु प्रस्ताव पास किए गए। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष स. राजेंद्र सिंह मक्कड़ ने प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए,सहकारी समितियां के इफको सेंटरों पर एनपीयू तथा डीएपी की उपलब्धता न होने पर तुरंत उपलब्ध कराए जाने डीएपी तथा एनपीके के साथ किसानों को जबरदस्ती नैनो उत्पाद दिए जाने पर नाराजगी जताने ,आवारा पालतू पशुओं से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान और पशुओं के लिए गौशाला का निर्माण किए जाने और सहकारी समितियां पर अनुदान वाला गेहूं का बीज उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव पास किए गए । इस मौके पर अशोक सेठी,विनोद गुंबर, राजेंद्र सिंह, करनैल सिंह,वीरेंद्र सिंह, टीकम खेड़ा,अमर सिंह, गुलशन कुमार, सेवक सिंह सहित अन्य किसान मौजूद थे ।

# इंदिरा गांधी व बल्लभ भाई पटेल को किया याद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वराज आश्रम मेंआयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को शहादत दिवस और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को



जयंती पर आज जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में पुष्प अर्पित कर याद किया। विधायक सुमित ने कहा दोनों महान विभूतियों से हमें देश हित मे सर्वस्व त्याग और संपूर्ण समर्पण की सिख मिलती है। देश हित के लिए हम सबको आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मिलजुलकर कार्य करने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट ने कहा कि यह हम सब कांग्रेसजनों के लिए सौभाग्य की बात है कि दोनों महान विभूतियों का कांग्रेस संगठन से गहरा नाता रहा है। कांग्रेस ने आप दोनों के नेतृत्व में देश हित में अनेकों अनेक कार्य किये है। इस दौरान सतीश नैनवाल, हेमन्त बगडवाल, मलय बिष्ट, महेश शर्मा, जगमोहन चिलवाल, राजू बिष्ट, पार्षद राधा आर्य, गीता बहुगुणा, कमला तिवारी, गोविंद बगडवाल, इंदरलाल आर्य, जगमोहन बगडवाल, कैलाश साह, प्रदीप नेगी, संदीप भैसोड़ा, संजू उप्रेती, मनोज श्रीवास्तव, सुशील डुंगरकोटी, अशोक जोशी, अरशद अलीनरेश अग्रवाल, आनंद दरमवाल, बबलू बिष्ट, चंदन भाकुनी, मोहम्मद शरीफ आदि ने इंदिरा और पटेल को याद कर उनके बताये मार्ग पर चलते हुवे देश सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के उपरांत वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता स्व. साबिर सलमानी और वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मीना पंवार के छोटे बेटे के आकस्मिक निधन पर मौन रख सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रोफेसर ललित तिवारी चुने गये लिनियन सोसायटी लंदन के फेलो एफएलएस

नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर ललित तिवारी लिनियन सोसायटी लंदन के फेलो एफएलएस चुने गए है । 19 अक्टूबर को हुई इस प्रक्रिया के संपन्न होने पर फेलो बनाए गए तथा प्रमाण पत्र जारी किया गया है ।कार्ल वन लिनेअस के नाम पर बनी सोसायटी 1788 में बनी जो वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक शोध को बढ़ावा देती है । सोसायटी का उद्देश्य प्रकृति को समझना,मूल्य देना तथा संरक्षण है। सोसायटी प्रकृति विज्ञान को बढ़ावा देती है जो संयुक्त राष्ट्र के साथ संरक्षण सहित अंतराष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास पर कार्यरत है। प्रो ललित तिवारी इससे पहले इंडियन बोटानिकल सोसायटी के फेलो है तथा उत्तराखंड रत्न सहित राष्ट्रीय सेवा



योजना में दो बार गवर्नर से प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर चुके है । डॉक्टर वाई पी एस पांगते पुरस्कार ,टीचर ऑफ द ईयर 2021एवं बेस्ट डायरेक्टर 2022 का पुरुस्कार मुख्यमंत्री के हाथो पुरुस्कार प्राप्त कर चुके है । डॉक्टर तिवारी को डॉक्टर रायजादा मेडल 2020 भी मिल चुका है। प्रो ललित तिवारी पूर्व में शोध निदेशक , ओ एस डी, कार्यक्रम समन्वयक एन एस एस,कोऑर्डिनेटर आई पी आर सेल ,अध्यक्ष कूटा सहित डिप्टी कंट्रोलर भी रह चुके है । उनके 177 शोध पत्र राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हो चुके है । 20 बुक चौप्टर सहित 41शोधार्थी उनके निर्देशन एवं सह निर्देशन में पी एच डी कर चुके है । 100 पॉपलर आर्टिकल सहित 12फ्लोरा पुस्तके तथा 4 संपादित पुस्तके तथा उत्तराखंड संस्कृति पर 10 पुस्तके संपादित कर चुके है । दर्जनों व्याख्यान भी डॉक्टर तिवारी दे चुके है । कई रक्त दान शिविर तथा पौधारोपण कर्यक्रेम करा चुके है ।एक दर्जन से ज्यादा शोध पर्योजनाओ को संपादित भी कर चुके है।

# चोरी और नकब्जनी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण करें : मीणा

## 19 पुलिसकर्मी हुए सम्मानित, सेवानिवृत कर्मियों को दी विदाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा पुलिस के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन कर सभी को दिशा निर्देश दिए गए। मासिक अपराध गोष्ठी से पहले सभी पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों का सम्मेलन लिया गया। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि सम्मेलन में असल समस्या वाले पुलिस कर्मियों को अवश्य लेकर आएं। जिनकी समस्याओं का निदान किया जा सके। सड़क दुर्घटना की रोकथाम के भरसक प्रयास करें। चलानी कार्यवाही मात्र खानापूर्ति के लिए नही बल्कि जनता में यातायात नियमों की जागरूकता तथा सड़क सुरक्षा के लिए करें। किसी भी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में यदि कोई जनहानि होती है तो संबंधित थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट सक्रिय होकर कार्य करे। संदिग्ध स्थानों में लगातार दबिश दी जाय, अनैतिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाएं।उत्तराखंड पुलिस ऐप और गौराशक्ति मॉड्यूल डाउनलोड और रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही बढ़ाएं। सीसीटीवी की क्रियाशीलता बढ़ाएं। कमांड कंट्रोल सेंटर में तैनात पुलिस टीम मुस्तैदी से कार्य करें। हत्या, डकैती व लूट की घटनाओं में संलिप्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। मामलों का शत प्रतिशत अनावरण करें। वाहन लूट का भी अनावरण कर बरामदगी करवाएं। एसएसपी ने निर्देशित करते हुए कहा कि चोरी और नकब्जनी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण करें। संपत्ति की शत प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित करें। प्रोफेशनल पुलिसिंग के साथ इन घटनाओं को चौलेंजिंग टास्क लेकर प्रभावी कार्यवाही करें।नाबालिकों और महिला संबंधी मामलों में संवेदनशीलता से कार्य करें। इन अपराधिक मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। दहेज हत्या के प्रकरणों में गंभीरता से कार्य करें। विवेचना में पीड़िता को इंसाफ दिलाने, आरोपी की गिरफ्तारी से लेकर साक्ष्य संकलन जैसे अहम पहलुओं में संवेदनशील होकर कार्यवाही करें। हो सके तो पीड़िता पर आश्रित बच्चों और परिजनों से जाकर अवश्य मिलें।बलात्कार और पोस्को के मामलों में घटना की संवेदनशीलता और गहराई के आधार पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित अवधि में निस्तारित करें।विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाएं, लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण करें। दौरान विगत माह नैनीतालख्रकालाढूंगी मोटरमार्ग पर घटगड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में प्रभावी रेस्क्यू करने और पर्यटकों की जान बचाने के लिए 19 पुलिस अधिकारी, कर्मियों को सम्मानित किया गया। जिनमें धर्मवीर सोलंकी, प्रभारी निरीक्षक मल्लीताल, किशोर उपाध्याय, अग्निशमन अधिकारी, मल्लीताल नंदन सिंह रावत, थानाध्यक्ष कालाढूंगी, उपनिरीक्षक गगन दीप थाना कालाढूंगी, फायर सर्विस चालक अमरदीप सिंह, फायरमैन जसवीर सिंह, दिनेश सिंह, मोहम्मद उमर, देवेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, प्रभारी चौकी मंगोली, कानि. संजय कुमार, शाहिद अली, थाना मल्लीताल, उपनिरीक्षक मनीष भाकुनी, एसडीआरएफ, एएसआई लाल सिंह, एसडीआरएफ, हेकानि. महेंद्र भंडारी, एसडीआरएफ,कानि. कमल जोशी, एडीआरएफ, कानि. सुनील टम्टा, पुलिस लाइन, कानि. अरविंद चंद, पुलिस लाइन, कानि. पूरन नेगी, पुलिस लाइन शामिल हैं। गोष्ठी के दौरान रिटायरमेंट कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हो रहे मुख्य आरक्षी शिवराज सिंह को पुष्पमाला, शॉल ओड़ाकर सम्मानित किया गया। उपहार और प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। एसएसपी ने सेवानिवृत्त हो रहे उपरोक्त कर्मी द्वारा पुलिस विभाग को उनकी अमूल्य सेवा देने के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस कर्मी को बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ गले लगाकर भावभीनी विदाई दी गई। गोष्ठी में डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी क्राइम ट्रैफिक नैनीताल, हरबंस सिंह, एसपी सिटी हल्द्वानी, श्रीमती संगीता सीओ लालकुआं, भूपेंद्र सिंह धोनी, सीओ हल्द्वानी, गौरव किरार, सीएफओ नैनीताल समेत सभी थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी मौजूद रहे।






करवाचौथ पर्व
की
हार्दिक बधाई
विजय भूषण गर्ग
सविता गर्ग
आयुष गर्ग
नैना गर्ग


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
विकास शर्मा
गीतिका शर्मा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मोहन खेड़ा
कविता खेड़ा


अरोरा परिवार की ओर से करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
सत्यपाल अरोरा
निर्मल रानी
राजेश अरोरा पप्पल
ईशा अरोरा
मानिक अरोरा
सोनल अरोरा
तिलकराज अरोरा
नैना अरोरा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मानसी बत्रा
रजत बत्रा
महामंत्री
नमन बत्रा
कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन
नमन इण्टर प्राइजेज
उच्च क्वालिटी की दवाईयों के होलसेल विक्रेता
आदर्श कालोनी, रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
वरुण मुंजाल
एकता मुंजाल


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
रेखा चुघ
सुनील चुघ


पति-पत्नी
के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राजीव रस्तोगी
पूनम रस्तोगी


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
सचिन मुंजाल
पूजा मुंजाल


पति पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
शिवम फुटेला
आस्था फुटेला


पति -पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
हरीश चन्द्र गुम्बर
कमलेश गुम्बर


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
मनीष गोस्वामी
शीना गोस्वामी


सुनील बांगा
सुमन बांगा







# अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा खेलकूद के सफल आयोजन पर जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एकल अभियान के तत्वाधान में अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद समारोह के सफलता पूर्वक अयोजन पर कार्यक्रम संयोजक एवं एकल अभियान खेलकूद प्रदेश प्रभारी भारत भूषण चुघ ने समारोह को सफल बनाने में सहयोग देने पर समस्त प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, अतिथियों, सहयोगी सामाजिक संस्थाओं, खिलाड़ियों, उनके साथ आए शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों, जिला क्रीड़ा अधिकारी, स्पोर्ट्स स्टेडियम के समस्त प्रशिक्षकों, आयोजन के सहयोगियों सहित सभी खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सबके सामूहिक सहयोग से ही संभाग स्तरीय खेलकूद समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्री चुघ ने कहा कि प्रदेश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी खेल प्रतिभाओं को इसी प्रकार प्रोत्साहित किया जाता रहा तो निश्चित रूप से देवभूमि उत्तराखंड के खिलाड़ी भविष्य में राज्य का नाम विश्व में गोरवांवित करेंगे।







# छात्राओं के लिए शिक्षण कोर्स एवं लाइब्रेरी का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता) । आसरा ट्रस्ट द हंस फाउंडेशन टाइटन कन्या प्लस द्वारा सामुदायिक शिक्षण केंद्र में छात्राओं हेतु पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया । पुस्तकालय का शुभारंभ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. किरण बाला पांडेय द्वारा फीता काटकर किया गया । डॉ. किरण पांडे ने कहा, छात्राओं हेतु आसरा ट्रस्ट द हंस फाउंडेशन टाइटन कन्या प्लस संस्था द्वारा छात्राओं हेतु अतिरिक्त शिक्षण कार्य का करवाया जाना शिक्षा के क्षेत्र में एक मील पत्थर है उन्होंने पंजीकृत सभी छात्राओं से स्कूल में शिक्षण कार्य के साथ ट्रस्ट द्वारा करवाया जा रहा शिक्षण कार्य मन लगाकर करने का आह्वान किया । श्रीमती विनीता ने बताया कि छात्राओं हेतु केंद्र में शिक्षण कार्य प्रात: एवं सायंकाल करवाया जाता है शिक्षण कार्य के साथ छात्राओं को शिक्षण सामग्री एवं अन्य उपहार प्रदान किए जाएंगे । इस मौके पर शिशु मंदिर प्रधानाचार्य धीरज पंत,आसरा ट्रस्ट की शिक्षिकाएं श्रीमती विनीता, कु.सुरभि खुराना कु.नम्रता, श्रीमती ममता कंबोज, कु.ज्योति सक्सेना, कु. प्रियंका, कु.दीपा रानी मौर्य, कु.गुड़िया, कु. सपना रानी,श्रीमती वैशाली गुप्ता, के अलावा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राएं सानिया, जीनत,हरमन कौर, इल्मा, कशिश, नेहा, आरती, संगीता, पुष्पा,राधा आदि शामिल थे ।






# मण्डलायुक्त ने लिया राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के आगामी 07 नवम्बर 2023 को गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम (दीक्षान्त समारोह) की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त दीपक रावत ने चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राष्ट्रपति हेतु निर्धारित प्रोटोकॉल एवम मानकों के अनुसार ही सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होनें एयरपोर्ट सहित यूनिवर्सिटी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मजबूत बेरिकेटिंग व पंडाल व्यवस्था कराने, विद्युत आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। मण्डलायुक्त ने पन्तनगर क्षेत्र में वन्य जीवों के गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने राष्ट्रपति के स्वागत हेतु रिसीविंग, लाइनअप, लंच, मंच पर बैठने वाले



व्यक्तियों की प्रस्तावित सूची उपलब्ध कराने के निर्देश यूनिवर्सिटी के अधिकारियों को दिये।मण्डलायुक्त ने पन्तनगर एयरपोर्ट, राष्ट्रपति हेतु प्रस्तावित सेफ हाउस, लोज, तराई भवन, कार्यक्रम स्थल आदि का गहनता से निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।इस अवसर पर डीआईजी डॉ.आईएस रावत, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, अशोक कुमार जोशी, निदेशक दूर संचार जीबी पन्त यूनीवर्सिटी जेपी जायसवाल, निदेशक विमानपत्तन सुमित सक्सेना, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, गौरव पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार

## श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में सजा श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्री बालाजी मंदिर, दिनेशपुर में भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज मंगलवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे, महेंद्र बंसल ने साथी हमारा कौन बनेगा, आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश पाठक, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, अजय जायसवाल, प्रेमपाल सिंह, निहाल सिंह, हरनाम सिंह, धरमपाल सिंह, अमर दीप, संजय सिंह, संजय जैन, सोनू कक्के, भोपाल सिंह, खरैत कुमार, हरिचरण सिंह, शिव कुमार, लवी अरोरा, धर्मवीर चौधरी, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, अमन श्रीवास्तव, राजू सैनी, आयुष अरोरा, अंश अरोरा, भारत शर्मा, सत्यम जयसवाल, शंकर विश्वास, शिवम् कुमार, परमजीत, राजपाल सूंघ, दीपु सैनी, प्रतीक मौर्या, नोनी ग्रोवर, काली ग्रोवर, रामनारायण मिश्र, नीरज रस्तोगी, कीमती लाल, सचिन रस्तोगी, धीरज रस्तोगी, अमित अग्रवाल, माधव खुराना, संदीप अग्रवाल, उमेश कुमार, वैभव ग्रोवर, गौरव शर्मा, पंकज अग्रवाल, मयंक मित्तल, राजेश अग्रवाल, रवींद्र अग्रवाल, केसर पाहवा, सौरभ अग्रवाल, अमित अग्रवाल, वेदप्रकाश श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, हरीश श्रीवास्तव, उदय रस्तोगी, शुभम् रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, अंटू रस्तोगी, पवन अरोरा, सुरेश मित्तल, दीपक घई, मनीष गोयल, शिवम् अरोरा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।




तनेजा परिवार की ओर से पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
जुगल किशोर तनेजा
ऊषा तनेजा
पंजाब इण्डस्ट्रीज, रुद्रपुर
सिमरन तनेजा
रोहित तनेजा
प्रिया तनेजा
विकास तनेजा
निधि तनेजा
रुचि तनेजा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
विजय आहूजा
शिखा आहूजा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
रितेश सक्सेना
प्रीति सक्सेना
श्री बालाजी मण्डल,रुद्रपुर


करवाचौथ पर्व
की
हार्दिक बधाई
सुनील कालड़ा
वैवाहिक तिथि 14 अप्रैल 2006
पूजा कालड़ा


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
The Real BOSS
The BOSS
सीमा गाबा
राजू गाबा
निखिल गाबा
पूजा गाबा


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
रमन अरोरा
शिखा अरोरा


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
विजय गर्ग
गुलाब स्वीट्स, रुद्रपुर
उमा गर्ग


करवाचौथ पर्व
की
हार्दिक बधाई
सुनील कालड़ा
पूजा कालड़ा


पति-पत्नी
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
सुनील ठुकराल
शालिनी ठुकराल


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
राजकुमार सीकरी
पिंकी सीकरी


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
राजेश तिवारी
अनीता तिवारी


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
शक्ति बाठला
श्वेता बाठला


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
सुशील अग्रवाल
मंजू अग्रवाल


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
विपुल खुराना
रुपिका खुराना


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
सुरेन्द्र मिड्डा
स्नेह मिड्डा


उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आरक्षण पर सियासी आग

महाराष्ट्र में मराठा आंदोलन हिंसक हो उठा है। तीन विधायकों के घरों और दफ्तरों में तोड़-फोड़ और आगजनी की गई। एक नगर पालिका परिषद के दफ्तर को भी आग के हवाले कर दिया गया। कई बसें जला दी गईं और रास्ते रोक दिए गए। अब इसे लेकर राजनीति भी गरम हो उठी है। बताया जा रहा है कि कुछ सांसदों और विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है।कुछ नेता सभी सांसदों से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। हालांकि राज्य सरकार किसी तरह इस आंदोलन को शांत करने के प्रयास में जुटी है। उसने मराठा समुदाय के लोगों को कुनबी समुदाय का प्रमाणपत्र देने की पहल की है, मगर यह आंदोलन फिलहाल रुकता नहीं जान पड़ता। कुनबी समुदाय पिछड़ी जाति के अंतर्गत आती है।इस तरह मराठा समुदाय को कुनबी का प्रमाणपत्र मिलने से वे भी अन्य पिछड़ी जाति को तय उन्नीस फीसद आरक्षण में हिस्सेदार बन जाएंगे। इसलिए महाराष्ट्र के अन्य पिछड़ा वर्ग का संगठन सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहा है। यानी सरकार के सामने इस मामले में मुश्किलें दोहरी हैं। वहां कोई भी राजनीतिक दल न तो मराठा को नाराज करना चाहता है और न ओबीसी को अपने से दूर।दरअसल महाराष्ट्र ही नहीं, देश के अनेक राज्यों में आरक्षण की आग राजनीतिक दलों ने ही सुलगा रखी है। जब वे विपक्ष में होते हैं, तो किसी प्रभावशाली समुदाय को आरक्षण का लोभ देकर अपने सत्ता तक पहुंचने का रास्ता तैयार करते हैं और फिर सत्ता में आने के बाद उस वादे को पूरा करना उनके लिए मुश्किल हो जाता है।महाराष्ट्र में मराठा समुदाय मूलत: खेतिहर समुदाय है और आर्थिक रूप से बहुत कमजोर स्थिति में है। काफी समय से वह नौकरियों और शिक्षा में अन्य पिछड़ी जातियों की तरह आरक्षण की मांग करता रहा है। पांच साल पहले राज्य सरकार ने उसे सोलह फीसद आरक्षण देने का फैसला भी कर लिया था। बांबे उच्च न्यायालय ने भी उसमें कुछ कटौती करते हुए उसे विशेष प्रावधान के तहत लागू करने की इजाजत दे दी थी।मगर सर्वोच्च न्यायालय ने पचास फीसद की संवैधानिक सीमारेखा का हवाला देते हुए उस पर रोक लगा दी थी। ताजा मामले में मनोज जेरांगे-पाटिल नाम के एक व्यक्ति ने यह मांग उठाते हुए भूख हड़ताल शुरू कर दी कि मराठा समुदाय को कुनबी समुदाय माना जाए। उनके समर्थन में लोग जुटते गए। सरकार ने इसके लिए एक समिति बना दी और एक महीने के भीतर फैसला करने का आश्वासन दिया। मगर वह समय सीमा पार हो गई तो फिर से आंदोलन शुरू हो गया और अब हिंसक हो उठा है।नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग जिस तरह एक राजनीतिक हथियार बन गई है, उसमें हमेशा आशंका बनी रहती है कि कब कहां कोई नया समुदाय ऐसी मांग लेकर आंदोलन पर उतर आए। हरियाणा में जाट, गुजरात में पटेल और राजस्थान में गुर्जर समुदाय ऐसे आरक्षण की मांग लेकर अनेक बार सरकारों पर दबाव बनाने का प्रयास कर चुके हैं। हालांकि हर राजनीतिक दल को पता है कि आरक्षण को लेकर कुछ संवैधानिक बाध्यताएं हैं, फिर भी वे अपने जनाधार का समीकरण साधने के मकसद से इसे हवा देते रहते हैं। महाराष्ट्र में भी मराठा समुदाय ऐसे ही आश्वासनों पर उम्मीद लगाए बैठा था। हालांकि महाराष्ट्र की राजनीति में मराठा समुदाय का प्रभाव अधिक है, मगर आरक्षण के मसले पर कोई व्यावहारिक रास्ता नहीं निकाला जा सका। अब मुश्किल यह है कि मौजूदा सरकार कैसे ओबीसी और मराठा दोनों को संतुष्ट करे।

# सुहागिनों का त्यौहार करवाचौथ

करवा चौथ एक पवित्र पर्व है। इसे हम सुहागिनों का त्यौहार भी कहते हैं। इस दिन हिन्दू नारियां परमेश्वर से अपने-अपने पति की लंबी आयु और तंदुरुस्ती के लिए मंगल कामना करती हैं। यह जो व्रत है यह सबसे कठिन व्रत



है क्योंकि इस व्रत के मौके पर सारा दिन निर्जल रहना पड़ता है, पानी भी नहीं पीते कुछ खाते भी नहीं। यह जो व्रत है सुबह तारों की छांव में रखा जाता है और शाम को चन्द्रमा देखकर खोला जाता है। इस दिन हमारी जो हिन्दू महिलाएं हैं वे सज-संवरकर रात को ईश्वर के सामने प्रण लेती हैं कि वो मन, वचन, कर्म से अपने पति के प्रति पूर्ण समपर्ण की भावना दिखाएंगी। इतिहास में वर्णित कथाओं से हमें यह पता चलता है कि करवा चौथ के क्या फायदे हैं? हमारी जितनी भी हिन्दू नारियां हैं, यह व्रत शुद्धिपूर्वक रखती हैं और यह अनादि काल से चला आ रहा है। क्या कभी हमने विचार किया कि इस व्रत का अभिप्राय क्या है? इस व्रत का भी अन्य व्रतों की भांति एक आध्यात्मिक महत्त्व है। हमारे देश के जर्रे-जर्रे में आध्यात्मिकता रची हुई है। हमारे सारे त्यौहार, उत्सव, और व्रत आत्म-उन्नति के लिये ही बनाये गये थे, और ये व्रत आदि अंतत: मोक्ष व प्रभु-प्राप्ति के लिये ही रखे जाते थे, परन्तु समय के साथ-साथ असलियत तो गायब हो जाती है और हम रस्मों-रिवाजों में उलझकर रह जाते हैं। परम संत कृपाल सिंह जी महाराज अक्सर कहा करते थे कि हमारे जितने भी व्रत हैं, जितने भी त्यौहार हैं उन सबकी बुनियाद में अध्यात्म है और यही हमारे मुल्क की विशेषता है कि सारे रस्मों-रिवाजों की तह में कोई न कोई रूहानी राज छुपा हुआ है। आइए हम देखें कि यह जो त्यौहार है करवा चौथ का, इसमें रूहानियत का कौन सा राज छुपा हुआ है? करवा चौथ में सुबह तारों की छाँव में व्रत रखते हैं और शाम को चाँद देखकर व्रत खोलते हैं, यह वास्तव में प्रतीक है एक ऐसे फासले का जो हमें आध्यात्मिकता की एक मंजिल से दूसरी मंजिल तक ले जाता है। यह जो व्रत है करवा चौथ का यह तारों से लेकर चाँद तक, आत्मा और परमात्मा के मिलन की एक अवस्था का वर्णन है। यह व्रत तभी मुबारिक है जबकि हम सुबह अपने अंतर में तारें देखें। सारा दिन प्रभु की याद में व्यतीत करें, ध्यान-अभ्यास में व्यतीत करें और शाम को अपने अंतर में चाँद देखें और फिर अपना महबूब देखें जो हमारे दिल का चाँद है। जो हमारा गुरु है उनके दर्शन करें तो यही तरीका है करवा चौथ मनाने का। अब क्या होता है कि हमारी माताएं, विवाहित बेटियां तथा बहनें व्रत रखती हैं। मगर दिन का समय प्रभु की याद में कौन गुजारता है? हम यही करते हैं कि सुबह उठे, व्रत रखा और फिर आपस में सहेलियों, रिश्तेदारों से गप्पे हांकी, एक-दूसरे से नांक-झोंक की, दिन के समय सिनेमा देखा या घर में बैठकर टेलिविजन देखा। मगर असली मकसद था इस व्रत का कि सारा दिन प्रभु की याद में व्यतीत किया जाए, ध्यान-अभ्यास में समय व्यतीत किया जाए। इस पर हम अमल नहीं करते। हमें तो एक बहाना मिल जाता है कि हम नए-नए आभूषण प्राप्त करें और शाम को एक रस्म द्वारा व्रत खोल लिया और हम समझते हैं कि हमें एक लाईसेंस मिल गया कि एक वर्ष के लिए हमारे पति का स्वास्थ्य ठीक रहे और उसके कारोबार में तरक्की होती रहे। इस तरह जो असली मकसद है इस त्यौहार का उसे हम भूल जाते हैं। हमें चाहिए कि हम सारा दिन सिनेमा में, टेलिविजन में ही बर्बाद न करें। हम सुबह ध्यान- अभ्यास पर बैठें। सारा दिन प्रभु की याद में व्यतीत करें और शाम को अपने गुरु की दयामेहर से अंतर में चाँद देखें और फिर उनके नूरानी रूप के हम दर्शन करें। यह जो बाहर का चाँद है, यह तो हर रात को दिखाई भी नहीं देता। परन्तु जो अंदर का चाँद है, उसे हम हर समय देख सकते हैं। वही वास्तविक चन्द्रमा है। अंतर के चाँद को देखने से ही हम करवा-चौथ के व्रत का वास्तविक लाभ उठा पायेंगे।

**-संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

# राजभवन में मनाया लद्दाख का राज्य स्थापना दिवस

देहरादून(उद संवाददाता)। मंगलवार को राजभवन में केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लद्दाख से आए सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा अपनी विविध सांस्कृतिक विरासत पर मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। लद्दाख के कलाकारों ने वहां के वाद्य यंत्र कोपोंग की मधुर प्रस्तुति के साथ लद्दाखी लोक संगीत और सुप्रसिद्ध जबरू नृत्य का विशेष रूप से प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग करते हुए उपस्थित लद्दाख के सहित पूरे प्रदेश को स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक



कार्यक्रमों की प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा कि लद्दाख अपने सुदूर पहाड़ी सुंदरता और विशिष्ट संस्कृति के लिए प्रसिद्ध होने के साथ-साथ सामरिक और सैन्य दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह राज्य अपनी विशिष्ट कला, संस्कृति, अध्यात्म और राष्ट्रीय भावना से जुड़ा होने के साथ-साथ भौगोलिक दृष्टि से देश का मुखौटा है।राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारत की विविधता को एकता के रूप में दर्शाते हैं साथ में हम सब को एक परिवार के रूप में जोड़ने का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय एकता दिवस भी है इस अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम का एक अलग ही महत्व है। भारत की जीवंत संस्कृति की गतिशीलता हमारे सांस्कृतिक और राजनैतिक विकास को बड़ी प्रेरणा प्रदान करती है। इस कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ तृप्ति श्रीवास्तव, लद्दाख से आए मुख्तार हुसैन, मुरूप नामग्याल सहित सांस्कृतिक दल के कलाकार और राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम योगी से मिले धामी

## उत्तराखण्ड की प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं हेतु 665 क्यूसेक पानी की आपूर्ति करने का अनुरोध किया

लखनऊ(उद ब्यूरो)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने प्रभु बदरी विशाल जी की प्रतिमा और प्रदेश में उत्पादित श्रीअन्न से बने उत्पाद उपहार स्वरूप प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से जनपद हरिद्वार के असिंचित क्षेत्रों हेतु गंग नहर से 665 क्यूसेक जल सिंचाई हेतु उत्तराखण्ड राज्य को उपलब्ध कराये जाने का पुन: अनुरोध किया। मुख्यमंत्री श्री धामी कहा कि जनपद हरिद्वार के तीन विकासखण्डों के 74 गांवों की 18280 हैक्टेयर असिंचित भूमि में सिंचाई सुविधा प्रदान करने हेतु 35 कि0मी0 लम्बी इकबालपुर नहर प्रणाली तथा कनखल एवं जगजीतपुर नहर की क्षमता विस्तार किया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से उत्तराखण्ड राज्य की प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं हेतु 665 क्यूसेक पानी की आपूर्ति उत्तरी गंग



नहर से किये जाने के सम्बन्ध में स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश राज्य के मध्य आस्तियों एवं दायित्वों के विभाजन के सम्बन्ध में भी चर्चा की। उन्होंने अनुरोध किया कि जिन परिसम्पत्तियों के उत्तराखण्ड राज्य को हस्तान्तरण पर सहमति हो गयी है, उनके हस्तान्तरण के लिये शीघ्र शासनादेश निर्गत किया जाए।

# लखनऊ देहरादून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन करने का अनुरोध

लखनऊ(उद ब्यूरो)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को लखनऊ में पर्वतीय महापरिषद, लखनऊ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर लखनऊ-देहरादून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे शीघ्र इस मामले में रेल मंत्री से वार्ता करेंगे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज लखनऊ में उत्तराखण्ड महापरिषद द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन अपनी संस्कृति को जानने तथा इसे देश व दुनिया तक पहुंचाने का बेहतरीन माध्यम हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड महोत्सव जैसे आयोजन हमारी लोक विरासत को संरक्षण प्रदान करने के साथ ही आने वाली पीढ़ी को हमारी लोक संस्कृति से परिचित कराने का कार्य कर रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने हाल ही में लंदन, दुबई, अबू धाबी के दौरे के दौरान उन्होंने देखा कि हमारे भारतीय और विशेष रूप से उत्तराखंडी लोग आज भी अपनी संस्कृति व सभ्यता को नहीं भूले हैं। वे लोग विदेशी में रहकर भी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रध ानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड की डबल इंजन की सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास को सार्थक करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री श्री ब्रिजेश सिंह, महापौर लखनऊ श्रीमती सुषमा खर्कवाल, उत्तराखंड महापरिषद के पदाधिकारी श्री दीवान सिंह अधिकारी, श्री देवेन्द्र सिंह बिष्ट सहित बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के प्रवासी जन उपस्थित थे।



# यूपी में सीएम धामी ने योगी और कंगना के साथ देखी राष्ट्रवाद से ओतप्रोत फिल्म तेजस

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी, अभिनेत्री कंगना रनौत व मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ फिल्म तेजस देखी। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने भारतीय वायुसेना के पायलट की भूमिका निभाई है। राष्ट्रवाद से ओतप्रोत इस फिल्म को सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ मंत्रिमंडल के उनके अन्य सहयोगियों ने भी देखी। कंगना की इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग लोकभवन ऑडिटोरियम में रखी गई थी। इसके पहले समाज की हकीकत को बयां करती द केरल स्टोरी भी मई में उन्होंने लोकभवन में मंत्रियों के साथ देखी थी। मुख्यमंत्री ने कंगना रनौत को उपहार भेंटकर सम्मानित किया। हिंदी फिल्म तेजस भारतीय वायुसेना के अदम्य साहस की कहानी है। इसमें अभिनेत्री कंगना रनौत ने वायुसेना ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया है। गिल भारतीय एजेंट को छुड़ाने के मिशन पर पाकिस्तान जाती हैं। यह फिल्म 27 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस फिल्म की प्रशंसा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नंदगोपाल गुप्ता श्नंदीश, आशीष पटेल, चौधरी लक्ष्मीनारायण, धर्मपाल सिंह, राकेश सचान, जितिन प्रसाद, संजय निषाद, गुलाब देवी, जयवीर सिंह, दयाशंकर सिंह, धर्मवीर प्रजापति, रजनी तिवारी, बृजेश सिंह आदि मौजूद रहे।


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
हैप्पी छाबड़ा
सोनिया छाबड़ा


पति-पत्नी
के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
बन्टी कालड़ा
निधि कालड़ा


करवाचौथ
पर्व की
हार्दिक
बधाई
निखिल कालरा चेतना कालरा
परीधान साड़ीज, रुद्रपुर


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
बलवंत अरोरा
पमिता अरोरा
सिमरन अरोरा
मनीष अरोरा
डायरेक्टर मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
गोल्डी मुंजाल
स्वेता मुंजाल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
देवी दयाल अनेजा
राधा रानी अनेजा
शिप्रा अरोरा
जतिन अरोरा
अजय अनेजा
हिमानी अनेजा
विजय अनेजा
प्रियंका अनेजा


जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज एवं
गुम्बर परिवार की ओर से
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
बॉबी टुटेजा
पवन टुटेजा
रीतू टुटेजा सुमन टुटेजा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
रोहित गाबा
दीपिका गाबा
आशारानी
महेंद्र गाबा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
शिल्पी अरोरा
आशीष अरोरा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
बुलबुल राय
प्रधानाचार्या, ब्रिलिएंट एकेडमी
परिमल राय
पी.सी.सी.सदस्य कांग्रेस उत्तराखण्ड


पति-पत्नी के प्रेम का प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
Chetan Arora
Nidhi Arora
Kumar Medical Store


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
नरेश पाहुजा
गुरुकृपा प्रोपर्टीज
मलिक कॉलोनी, रुद्रपुर
निकेता पाहुजा
कवयित्री एवं लेखिका


पति-पत्नी
के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
नरेश छाबड़ा
सरिता छाबड़ा

# अग्रवाल महिला समिति के करवा चौथ उत्सव में थिरकीं महिलाएं

## नव विवाहित बहुओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल महिला समिति द्वारा करवा चौथ उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती लक्ष्मी देवी गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती अंगूरी देवी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती नैंसी बंसल व श्रीमती युकी अग्रवाल उपस्थित रही। अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में रेट्रो तो मेट्रो, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, हरियाणवी फोक डांस हुए। जिसका सभी बहनों ने बहुत लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में नव विवाहित बहुओं का सम्मान किया गया। जिन बहू की पहली करवा चौथ थी उन बहू को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महामंत्री प्रिया गर्ग ने बताया कि नव विवाहित बहुओं द्वारा एक क्विज खिलाई गई। जिसमें स्नेह रुंगटा करवा चौथ क्वीन के रूप में विनर रही। कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम स्थल में खान-पान, दिवाली आइटम, कुर्ती, आर्टिफिशियल ज्वेलरी आदि दैनिक उपयोग के सामान के स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने भागीदारी की। इस मौके पर सरपरस्त कांता अग्रवाल, पुष्पा गर्ग, रश्मि जिंदल, सोनल बंसल, ज्योति गोयल, सौम्या अग्रवाल, वंदना गुप्ता, पुष्पा अग्रवाल, मेघा श्यामपुरिया, कुसुम जैन, रीना अग्रवाल, अंजू बंसल, दीप्ति अग्रवाल, राजकुमारी तुलसियान, रुचि गर्ग, उमा गर्ग, वर्तिका जिंदल, मध ु रुंगटा, नीतू रुंगटा बबीता मित्तल, सुमन मित्तल, सीमा बिंदल, स्वीटी बिंदल,नीतू अग्रवाल आदि उपस्थित थीं।






# वरिष्ठजनों को बद्रीनाथ यात्रा के लिए किया रवाना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जन सेवा समिति गौजाजाली बिचली के संयोजन में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को दीनदयाल मातृ पितृ तीर्थाटन योजना के अन्तर्गत गौजाजाली विचली बरेली रोड से बद्रीनाथ धाम यात्रा हेतु नैनीताल जिले के अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने फूल माला पहनाकर



अभिनंदन स्वागत किया तथा बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक संजय पाण्डे, सहसंयोजक गोपाल जोशी, पर्यटन अधिकारी चंदन बिष्ट, पंकज हर्बोला, गाईड राजेश पाण्डे, अध्यक्ष टीकाराम देवराड़ी, सचिव कुंदन पड़ियार, भुवन तिवारी, योगेश पाण्डे, एमसी पाण्डे, पीसी तिवारी, मथुरा दत्त जोशी, बसंत बिष्ट, उपेन्द्रनाथ सिंह, जीवी खत्री, डॉ आशुतोष पंत, दीपक ठाकुर, श्रीमती भगवती बेलवाल, श्रीमति शोभा तिवारी, नरेंद्र बिष्ट, मदन बुड़लाकोटी, युगल शर्मा सहित समिति के सदस्य एव स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# उत्तराखंड की सेपक टकरा टीम का पदक जीतना सुनिश्चित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड टीम ने 37वें राष्ट्रीय खेल में सेपक टकरा प्रतियोगिता में उत्तराखंड के लिए एक पदक सुनिश्चित कर लिया है। टीम के साथ गए कुमाऊं विश्वविद्यालय के




क्रीड़ा अधिकारी एवं टीम प्रशिक्षक डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ने बताया कि गोवा में 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय खेलों में 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित हो रहे सेपक टकरा राष्ट्रीय खेल में डबल इवेंट में उत्तराखंड टीम का प्रथम मुकाबला जम्मू कश्मीर की टीम से हुआ। जिसमें उत्तराखंड ने जम्मू कश्मीर की टीम को सीधे सेटों में 21-10 एवं 21,-8 से पराजित किया। उत्तराखंड की टीम ने अपने दूसरे मैच में पश्चिम बंगाल की टीम को पहले सेट में 21- 5 और दूसरे सेट में 21-12 अंको से पराजित किया। डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों के इतिहास में सेपक टकरा पहली बार शामिल हुआ और उत्तराखंड की टीम ने पहली बार इस प्रतियोगिता में भाग लेकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। टीम के साथ मैनेजर के रूप में अंकुश रौतेला शामिल हैं। टीम खिलाड़ियों में लोकेश शाह , मंगल सिंह बिष्ट तथा अशीष बिष्ट शामिल हैं। इस उपलब्धि पर सेपक टकरा संगठन उत्तराखंड के अध्यक्ष आरपी शर्मा, डिसेबल स्पोर्टिंग सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, सुभाष अरोड़ा, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. रूचि शाह, आनंद सिंह खपा, पंकज जोशी, गौरव जोशी, प्रो. डीडी जोशी, ममता मिल्कनी, प्रगति दुमका, प्रो. दिनेश चंद्र पंत, डॉक्टर राजेश कुमार, क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार, विजेंद्र चौधरी, विनय जोशी, भूपेश दुमका, सहायक खेल निदेशक श्रीमती रसिका सिद्धकी, निधि बिंजोला सहित अनेकों लोगों ने इस उपलब्धि पर बधाइयां दी है।

# राजभवन में धूमधाम से मना करवाचौथ


देहरादून (उद संवाददाता)। राजभवन में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने राजभवन परिवार की महिलाओं के साथ सामूहिक रूप से करवा चौथ का त्यौहार मनाया। इसमें अपर सचिव श्रीमती स्वाती एस भदौरिया, वित्त नियंत्रक तृप्ति श्रीवास्तव, सुरभी सिरोही सहित कई महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर कई कार्यक्रम हुए और महिलाओं ने उनमें बढ़-चढ़ कर भागीदारी की। श्रीमती गुरमीत कौर ने सभी उपस्थित महिलाओं को करवा चौथ के अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि करवा चौथ भारतीय संस्कृति के प्राचीन त्यौहारों में एक प्राचीन त्यौहार है। सुहागिन महिलाएं यह निर्जला व्रत अपने पति की कुशलता और दीर्घायु के लिए रखती हैं। यह पर्व परिवार के रिश्तों को मजबूत बनाने वाला होता है, विशेष रूप से यह पति-पत्नी दोनों के लिए खास महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों को एक साथ मनाने से हमें एक दूसरे के सुख-दुख में भागीदारी का मौका मिलता है।






करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
गौरव आहूजा
अलका आहूजा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
विजय सुखीजा
अध्यक्ष मुक्तिधाम, गदरपुर
पूनम सुखीजा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
राज गगनेजा
सत्या रानी


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
विभोर बाठला
युविका बाठला


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
हरीश अरोरा
सोनिया अरोरा


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
वैवाहिक तिथि 12.5.1995
संजय राजपूत
सुनीता राजपूत
श्री बाला जी ट्रैवल्स एण्ड प्रोपर्टी, आवास विकास, रुद्रपुर


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
अन्नू अरोरा
मनोज अरोरा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
राजेश जग्गा
रीना जग्गा
पार्षद, नगर निगम, रुद्रपुर


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मनोज मुंजाल
मीनू मुंजाल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
शिव शक्ति ज्वेलर्स आवास विकास रुद्रपुर
सुभाष राणा
अन्जली राणा


पति-पत्नी प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
गौरव अग्रवाल
चारु अग्रवाल


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
पवन गाबा 'पल्ली'
महामंत्री, युवा व्यापार मण्डल, रुद्रपुर
स्वेता गाबा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
वैष्णवी चावला
अमित चावला


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
दिनेश चन्द्र पाण्डे
ममता पाण्डे


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
शिवम् ठुकराल
रिम्मी ठुकराल
ठुकराल इम्पोरियम, भगत सिंह चौक, रुद्रपुर

# बैंक सहित चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, दो गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। पुलिस ने बैंक में हुई चोरी की घटना के साथ ही एक जनरल स्टोर में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए नगदी व सामान सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए सीओ रानीखेत तिलकराम वर्मा ने बताया कि खिरखेत रानीखेत निवासी नारायण सिंह ने चोरों द्वारा उसकी दुकान नारायण जनरल स्टोर का ताला तोड़कर दुकान से पैसे व खाद्य सामाग्री चोरी करने व नैनीताल बैंक रानीखेत के बैंक मैनेजर चेतन तिवारी ने चोरों द्वारा उनके बैंक का ताला तोड़कर बैंक से 2 डायरी व 400 रुपये चोरी करने के सम्बन्ध में कोतवाली रानीखेत में तहरीर दी गयी। मामले के खुलासे के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत हेमचन्द्र पंत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सभी संभावित स्थानों पर चेकिंग पूछताछ करते हुए थाना क्षेत्र व नैनीताल बैंक के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन किया गया। पुलिस टीम के प्रयासों से एफआईआर दर्ज होने के 4 घंटे के भीतर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दोनों अभियुक्तों अर्जुन कुमार पुत्र प्रकाश राम निवासी ग्राम धनियाकोट थाना बेतालघाट, तहसील कोश्याकोटली जिला नैनीताल तथा अतुल कुमारआर्या पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम उपरोक्त को हाईडिल कालोनी रानीखेत से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर उनके कब्जे से नैनीताल बैंक की दो डायरियां व 400 रुपये नगद तथा नारायण जनरल स्टोर से चोरी 10 गोल्ड फ्लैक सिगरेट की डिबिया और चोरी में प्रयुक्त आलानकब, हथौड़ा व हक्शा ब्लेड बरामद किये गये। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत हेमचंद पंत, अपर उप निरीक्षक बद्री सिंह भंडारी, हेड कानि. योगेंद्र प्रकाश, होमगार्ड भुवन नाथ व मनोज करायत शामिल हैं।



# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई पटेल जयंती

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद भर में मनाया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनपद के शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्यालयो में भी विभागाध्यक्षो द्वारा अपने कार्मिको को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गयी। इस दौरान जिलाधिकारी विनीत तोमर ने कार्मिकों को शपथ दिलाते हुए कहा कि देश की अखंडता, एकता को बनाए रखना सभी का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने दायित्वो को निष्ठपूर्ण निभाएं। उन्होने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिस कारण उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होने कहा कि जो भी दायित्व हम सब को मिले है उसका निर्वाहन पूरी ईमानदारी व पूर्ण निष्ठा से हमको करना चाहिए यही राष्ट्र निर्माण में यह हम सबका बहुत बड़ा योगदान होगा। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी चंद्र सिंह मर्तोलिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जनपद मुख्यालय में इस अवसर पर (रन फॉर यूनिटी) क्रॉस कंट्री दौड़ अंडर 17 बालक व बालिका वर्ग का आयोजन खेल विभाग द्वारा किया गया। इस क्रॉस कंट्री दौड़ में 50 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला, मनोज सनवाल, विनीत बिष्ट, हरीश कनवाल, जिला पर्यटन अधिकारी अरुण बंगियाल आदि मौजूद थे।



# मेयर व एमएनए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंडियन हैबिटेट सेंटर न्यू दिल्ली में अयोजित नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव 2023 में हल्द्वानी नगर निगम के मेयर व एमएनए को द्वितीय राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम को उत्कृष्ट नावचारी कार्य बैनी सेना गठित करने के निमित राष्ट्रीय शहरी एवम आवास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा महापौर डॉ., जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला और



नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय को द्वितीय राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि बैणी सेना द्वारा निर्बल वर्ग के आर्थिक उन्नयन, महिला सशक्तिकरण के साथ साथ निगम कार्यों के निरीक्षण का कार्य भी बेहतर तरीके से हो रहा है। इसके लिए सभी बैणी सेना के सहयोगी का कार्य सराहनीय है।

# वन विभाग की टीम ने पकड़े शीशम के लट्ठे

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रभागीय वन अधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग के निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर ग्राम गऊ घाट निवासी साहिल पुत्र हसन के घर



पर वन सुरक्षा दल की टीम ने छापा मारा। छापे के दौरान घर के पास पराल के नीचे 6 शीशम के लठ्ठे बरामद किये गये। बरामद प्रकाष्ठ को अपनी अभिरक्षा में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु नंदकिशोर वन दरोगा बाराकोली रेंज को सुपुर्द कर दिया गया ।टीम में सोनू कुमार वन आरक्षी चंदन सिंह मौजूद थे ।

# करवाचौथ व्रत का महत्व बताया

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में कार्तिक मास की कथा के पंचम दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को गणेश जी का व्रत (करवा चौथ) होता है जो आज है, जो विवाहित स्त्री इस व्रत को करती है उसका सौभाग्य अटल रहता है, प्रात: काल स्नान आदि से निवृत होकर चंदन, पुष्प, फल, मोदक आदि से गणेश जी का पूजन करें, सायं काल फिर गणेश जी का पूजन एवं कथा श्रवण करें तथा चंद्रोदय होने पर चंद्रमा को अर्ध देवें और फिर भोजन करें, स्त्रियों को अपने सौभाग्य के लिए इस व्रत को अवश्य करना चाहिए। कथा श्रवण करने हेतु काफी संख्या में व महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। एवं आज के प्रसाद की सेवा वरिष्ठ समाजसेवी संजीव कुमार डोडा एवं श्रीमती दीपा डोडा के परिवार द्वारा दी गयी। आज सायं 5 बजे से 7 बजे तक करवा चौथ की कथा पंडित विजय कुमार शास्त्री द्वारा की जाएगी।



## पेज एक का शेष...

**हादसों में तीन की मौत...**खोला, मजखाली रानीखेत चला रहा था, वाहन चालक द्वारा वाहन को बैक करते समय संतुलन बिगड़ जाने से वाहन खाई में गिर गया। जिसमें चालक कैलाश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को खाई से निकाल कर उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय रानीखेत भेजा गया चिकित्सालय में डाक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। अल्मोड़ा में ही दूसरी घटना मॉल रोड पर रात करीब 11 बजे हुयी। बताया जाता है कि 24 वर्षीय दिव्यांशु मेरनिवासी बैजी टांडा बाइक तेज चला रहा था। तभी माल रोड में रंजना होटल के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। हादसे में दिव्यांशु की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सड़क में चल रहे दो राहगीर चोटिल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हल्द्वानी के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। तीसरा हादसा कर्णप्रयाग अंतर्गत सिमली सलेश्वर मोटर मार्ग पर हुआ।देर रात्रि जिला नियंत्रण कक्ष, चमोली द्वारा एसडीआरएफ को सूचित किया गया कि कर्णप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत सिमली- सलेश्वर मोटर मार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।सूचना पर एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। जहां स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूके 11टीए 3050 खाई में गिर गयी थी। वाहन में 3 लोग सवार थे। कार सिमली से ग्राम सिमलट की ओर जा रही थी ।रेस्क्यू टीम ने स्थानीय पुलिस और लोगों के साथ मिलकर एक शव और दो घायलों को बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा गया। मृतक की पहचान 42 वर्षीय सुरेंद्र कुमार पुत्र प्रेमलाल, निवासी ग्राम सिमलट पोस्ट कनोठ थाना कर्णप्रयाग चमोली के रूप में हुयी है। जबकि घायलों में 40 वर्षीय संतोष चौहान पुत्र प्रेम सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट कनोठ, थाना कर्णप्रयाग चमोली और 42 वर्षीय आशीष कंडवाल पुत्र चक्रधर कंडवाल, निवासी ग्राम सिमलट, पोस्ट कनोठ, कर्णप्रयाग चमोली शामिल हैं।

**किशोरी को बनाया...**परिवार आईटीआई थाना क्षेत्र स्थित एक मकान में किराए पर रहने लगा। मकान मालिक के पुत्र ने उसके समक्ष दोस्ती का प्रस्ताव रखा। मना करने पर वर्ष 2018 की जनवरी माह में मकान मालकिन के पुत्र ने इस घर में अकेला पाकर दबोच लिया और बलपूर्वक उसकी आबरू लूट ली। घटना को अंजाम देते हुए आरोपी ने अश्लील वीडियो तैयार कर ली। इसी अश्लील वीडियो के सहारे वह उसे ब्लैकमेल कर जब भी मर्जी करती उसकी इज्जत से खिलवाड़ करता। आरोपी ने पिता को यह भी धमकाया कि यदि उसने मुंह खोला तो उसके दो भाइयों को मौत के घाट उतार दिया जाएगा। छोटे भाइयों की मौत के भाई से पीडित लगातार सब कुछ बर्दाश्त करती रही। इस बीच पीड़ित परिवार ने आरोपी का मकान खाली कर दूसरे मकान में शिफ्ट कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने इसके बाद भी उसका पीछा नहीं छोड़ा और लगातार संबंध बनाते हुए उसने अपने कई परिचित लोगों से भी उसके शारीरिक संबंध बनवाएं। अनजान लोगों से इसके बदले में वह मोटी रकम वसूल करता था। हालिया घटनाक्रम के बारे में पीड़िता ने शिकायती पत्र में बताया कि बीते 29 अक्टूबर को आरोपी द्वारा उसे पर भारी दबाव डालकर उसे कलश मंडप रोड पर बुलाया गया। जब वह वहां पहुंची तो आरोपियों से मोटरसाइकिल में बिठाकर समीप स्थित एक होटल ले गया जहां उसके साथ एक बार फिर से मनमानी करने के बाद उसे उसके हाल पर छोड़ दिया ।

**गांधी पार्क को बचाने के...**शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाने की तैयारी चल रही है। बताया जाता है कि गांधी पार्क पर शॉपिंग काम्पलेक्स एवं मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण हेतु प्रशासन ने साठ करोड़ की डीपीआर तैयार की गयी है जिसे शासन से मंजूर कराने की प्रक्रिया चल रही है। जो प्रस्ताव बनाया गया है उसके मुताबिक उसका मुख्य मकसद पार्किंग नहीं बल्कि दुकानें बनाना है। जबकि शहर को वर्तमान में शॉपिंग कॉम्पलेक्स से ज्यादा जरूरत पार्किंग की है। पार्किंग स्थल भी किसी पार्क का अस्तित्व समाप्त करके बनाये जाने का कोई औचित्य नहीं है। पार्किंग और शॉपिंग काम्पलेक्स के लिए शहर में और भी कई स्थान चिन्हित किये जा सकते हैं। मसलन सिब्बल सिनेमा के सामने और सिचाई विभाग की भूमि पर पार्किंग के साथ साथ शॉपिंग काम्पलेक्स भी बनाया जा सकता है। लेकिन गांधी पार्क को ही काम्पलेक्स और पार्किंग के लिए किस मकसद से चुना गया यह समझ से परे है। बताया जाता है कि गांधी पार्क को खुर्द बुर्द करने की योजना कोई दो चार दिन में नहीं बनी है। बल्कि इसकी पटकथा करीब एक डेढ़ साल पहले ही लिखी जा चुकी थी। माना जा रहा है कि शॉपिंग कॉम्पलेक्स का सपना पूरा करने के लिए ही जी-20 समिट की आड़ में राम मनोहर लोहिया मार्केट और समोसा मार्केट का भी अस्तित्व समाप्त किया गया। फिलहाल शासन से अभी प्रस्ताव मंजूर नहीं हुआ है। प्रशासन ने जो प्रस्ताव तैयार किया है उसके खिलाफ बड़ा जन आंदोलन खड़ा होने के आसार है। जब से लोगों को गांधी पार्क के अस्तित्व पर संकट मंडराने की भनक लगी है तभी से यह मुद्दा सोशल मीडिया पर छाया है। सोशल मीडिया पर तमाम लोग गांधी पार्क का सौदा करने वाले लोगों को कोस रहे हैं और गांधी पार्क को बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने का भी खुला ऐलान कर रहे हैं। कई सामाजिक संगठन भी गांधी पार्क को बचाने के लिए लामबंद होने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल इस मुद्दे पर खुलकर बोल चुके हैं और वह भी जन आंदोलन में कूदने के लिए तैयार है। वहीं कांग्रेस को गांधी पार्क के बहाने मुद्दा मिल गया है। कांग्रेस ने भी ऐलान कर दिया है कि किसी भी कीमत पर गांधी पार्क को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। सत्ता पक्ष के लोग भी दबी जुबान से गांधी पार्क को बचाने की मुहिम में साथ देने की बात कर रहे हैं। लेकिन फिलहाल सत्ता पक्ष के नेता और प्रशासन इस मामले खामोश हैं, जिसके चलते माना जा रहा है कि प्रशासन इस मामले में बैक फुट पर आ सकता है।

**गांधी पार्क को बचाने...**खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ेगा। श्री छाबड़ा ने कहा कि गांधी पार्क रूद्रपुर की ऐतिहासिक धरोहर है। इसमें न सिर्फ धार्मिक और सामाजिक आयोजन होते हैं बल्कि यह व्यापार का भी केन्द्र रहा है। समय समय पर यहां पर होने वाले व्यवसायिक आयोजन आर्थिक दृष्टिकोण से भी शहर की उन्नति में सहायक होते हैं। इसी मैदान में प्रैक्टिस करके कई खेल प्रतिभाओं ने प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। लेकिन दुर्भाग्य से आज इसी पार्क को कुछ लोग निजी स्वार्थों की खातिर समाप्त करने पर तुले हुए हैं। छाबड़ा ने कहा कि गांधी पार्क में शॉपिंग कॉम्पलेक्स एवं मल्टी लेवल पार्किंग का सपना देख रहे लोग शहर के हितैषी नहीं हो सकते। ऐसे लोगों से आज रूद्रपुर को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गांधी पार्क सिर्फ एक पार्क नहीं बल्कि यह रूद्रपुर शहर का आंगन है। जिस तरह से एक घर के लिए आंगन का महत्व होता है उसी तरह से रूद्रपुर शहर के लिए भी इस आंगन का महत्व है। बाजार क्षेत्र और इसके आस-पास की बस्तियों में रहने वाले लोगों के लिए खुली हवा में सांस लेने का एकमात्र स्थान गांधी पार्क है। सुबह शाम गांधी पार्क ही यहां के लोगों को खुलेपन का अहसास कराता है। गांधी पार्क के बिना रूद्रपुर शहर का स्वरूप तो बिगड़ेगा ही साथ ही भविष्य में भी इसकी बड़ी कीमत शहर वासियों को चुकानी पड़ेगी। आपदा के समय में शहर के बीच खुले पार्क और मैदान का क्या महत्व होता है यह सभी जानते हैं। इसके बावजूद कुछ पढ़े लिखे लोग अपने निजी स्वार्थों की खातिर पूरे रूद्रपुर वासियों की भावनाओं से खेलने की षडयंत्र रच रहे हैं। ऐसे लोगों के मंसूबों को कामयाब होने दिया तो आने वाले समय में ऐसे लोग रूद्रपुर को किस स्थिति में ले जा सकते हैं इसका अंदाजा स्वत: लगाया जा सकता है। श्री छाबड़ा ने कहा कि आज इस मुद्दे को लेकर राजनैतिक और निजी हितों से परे हटकर आगे आने की जरूरत है। सभी सामाजिक, धाार्मिक, शिक्षण और खेलों से जुड़ी संस्थाएं आगे आकर एकजुट हों गांधी पार्क कोई भी ताकत उजाड़ नहीं सकती।

**प्रधानाचार्य पर पांच...**कौशिक ने निकाल लिये। खास बात यह है कि विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर के अनुसार उस दिन अजय शंकर कौशिक स्वयं अनुपस्थित थे। उनके पक्ष में जो क्लीन चिट दी गयी थी उस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। नरेंद्र कुमार शर्मा का आरोप है कि इसके बाद अजय शंकर कौशिक ने उन्हें धमकी दी कि मैं इसी तरह गबन करता रहूंगा। मेरे बड़े लोगों से संबंध हैं। जिस पर नरेन्द्र कुमार शर्मा ने 13 सितंबर 2023 को को कोतवाली काशीपुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , उधमसिंहनगर को भी मामले की लिखित जानकारी दी लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। बाद में नरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहाँ धारा 156 (3) सीआर.पी.सी. का प्रार्थना दिया गया। न्यायालय में बहस के दौरान कहा गया कि जब प्रधानाचार्य ही उपस्थित नहीं थे, तो उनके द्वारा फर्जी मीटिंग कैसे दिखा दी, और उनके द्वारा विद्यालय के रिकॉर्ड भी यहाँ प्रस्तुत किये गये। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , काशीपुर ने थानाध्यक्ष काशीपुर को अजय शंकर कौशिक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश पारित किया ।

**फेरी वाले पर ...**तभी साइकिल सवार छोटू नामक व्यक्ति पहुंचा। आरोप है कि उसने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर छोटू ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। बताया कि मौके पर लोगों की भीड़ जमा होता देख वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। परिवार के लोग उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। पीड़ित ने एसएसआई को पूरी घटना से अवगत कराते हुए हमलावर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसएसआई ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

**किशोरी से ..**बताया वह मौहल्ले में किरायेदार के रूप में रह रहा है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नवीन के खिलाफ पास्को अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तारकर लिया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राजकुमार ठुकराल
पूर्व विधायक
रुद्रपुर विधानसभा
कोमल ठुकराल


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
विक्रम राठौड़
कोतवाल रुद्रपुर
कविता राठौड़


पति पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
लवली हुड़िया
प्रेरणा हुड़िया


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
प्रीत ग्रोवर
ज्योति ग्रोवर


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक
बधाई
सुधांशु गावा
पलक गावा


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
चन्द्रमोहन अरोरा
एम. डी. - प्रियंका प्रेस, रुद्रपुर
दर्शना अरोरा


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राजीव ग्रोवर
संगीता ग्रोवर


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
उमेश सिंह बिष्ट
रेखा बिष्ट


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
सुशील गाबा
शैली गाबा


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
रोबिन फुटेला


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
गुरमीत सिंह
नरेन्द्र कौर


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
हरीश छाबड़ा
पूनम छाबड़ा
शुभम छाबड़ा
वर्षा छाबड़ा
शिवांगी छाबड़ा
आशीष छाबड़ा


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
सुमित राय
नेहा राय


करवाचौथ
पर्व की
हार्दिक
बधाई
संजीव तोमर
कविता तोमर


इस जीवन में मुझे, जो मिला है तेरा साथ,
दुःख सारे मिट गए, हुआ खुशियों का आगाज़
पति पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
माथे की बिन्दिया चमकती रहे ।
हाथों में चुड़िया खनकती रहे ।।
पैरों की पायल झनकती रहे ।
पिया संग प्रेम बेला सजती रहे ।।
विक्रम सुधा
जूली सुधा
Vikram Agro Seed, Gadarpur. Mob.: 9917247714